**MAHARSHI JAMADAGNI GOVT COLLEGE FOR GIRLS**
**PILLUKHERA (JIND )**

# Activity Report

## Speech Competition in Indian Constitution : Justice, Liberty and Equality

दिनांक 5 सितंबर 2025

महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लू खेड़ा में राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में *"भारतीय संविधान: न्याय, स्वतंत्रता एवं समानता"* विषय पर महाविद्यालय स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को भारतीय संविधान के मूलभूत सिद्धांतों से परिचित कराना, उनके भाषण कौशल और तार्किक अभिव्यक्ति क्षमता को निखारना तथा लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति संवेदनशील बनाना था। राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक श्री रमेश कुमार ने महाविद्यालय प्राचार्य का स्वागत किया और प्रतियोगिता की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ छात्राओं में आत्मविश्वास, सार्वजनिक मंच से बोलने की क्षमता एवं संवैधानिक जागरूकता को बढ़ाने का उत्कृष्ट माध्यम हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. रणवीर यादव के अध्यक्षीय संबोधन से हुआ। उन्होंने छात्राओं को संविधान के महत्व, मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों तथा समानता के सिद्धांत को आत्मसात करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि संविधान केवल कानूनों का संकलन नहीं है, बल्कि यह हमारे लोकतंत्र की आत्मा है। न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता जैसे सिद्धांत हमारे राष्ट्रीय जीवन की धुरी हैं, जिन्हें युवाओं को अपने जीवन में उतारना चाहिए।" उन्होंने छात्राओं को अपने विचार स्पष्ट, तार्किक और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने की प्रेरणा दी। इस प्रतियोगिता में 30 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और "भारतीय संविधान में मौलिक अधिकार", "धर्मनिरपेक्षता का महत्व", "समानता का अधिकार", "स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक संस्कृति", "न्याय और सामाजिक समरसता" जैसे उपविषयों पर अपने विचार रखे। प्रतियोगिता का मूल्यांकन करने के लिए निर्णायक मंडल की भूमिका श्री संजय कुमार, सहायक प्राध्यापक, हिंदी विभाग,श्री ग्रीन कुमार, सहायक प्राध्यापक, इतिहास विभाग और श्रीमती सुरक्षा, सहायक प्राध्यापिका, गणित विभाग द्वारा निभाई गई। निर्णायकों ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि छात्राओं में अभिव्यक्ति क्षमता और संविधान की समझ प्रशंसनीय है। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को राजनीतिक शास्त्र विभाग द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रिया बी.ए. फाइनल , द्वितीय स्थान मीतु बी.ए फाइनल, तृतीय स्थान मोनिका बी.ए प्रथम वर्ष तथा खुशी नैंसी और काफी ने क्रमशः चतुर्थ ,पंचम और षष्ठ स्थान प्राप्त किया।

पुरस्कार वितरण के दौरान प्राचार्य डॉ. रणवीर यादव ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता केवल प्रतिस्पर्धा नहीं बल्कि आत्मविकास का अवसर है। अंत में कार्यक्रम संयोजक श्री रमेश कुमार ने प्राचार्य डॉ रणबीर यादव, श्रीमती बबीता पवार , श्री संदीप मिहल प्राध्यापक संस्कृति विभागनिर्णायक मंडल सदस्य श्रीमती सुरक्षा श्री संजय कुमार और श्री ग्रीन कुमार, प्रतिभागियों और सभी शिक्षण एवं गैर-शिक्षण स्टाफ सदस्यों का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में छात्राओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही और उन्होंने प्रतियोगिता का भरपूर आनंद उठाया। *इस भाषण प्रतियोगिता ने छात्राओं में संवैधानिक मूल्यों, अभिव्यक्ति कौशल और लोकतांत्रिक चेतना को नई ऊर्जा प्रदान की।*

Ramesh Kumar
H.O.D
Political Science

Principal
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.

**MAHARSHI JAMADAGNI GOVT COLLEGE FOR GIRLS**
**PILLUKHERA (JIND )**

# Activity Report

**Speech Competition in Indian Constitution : Justice, Liberty and Equality**

**Dated :- 05-09-2025**




## भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर प्रिया और द्वितीय स्थान पर रही सीतु

[illegible]

जींद. भाषण प्रतियोगिता में विजेता छात्रा को सम्मानित करते हुए।

कि संविधान केवल कानूनों का संकलन नहीं है, बल्कि यह हमारे लोकतंत्र की आत्मा है। न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता जैसे सिद्धांत हमारे राष्ट्रीय जीवन की धुरी है, जिन्हें युवाओं को अपने जीवन में उतारना चाहिए। उन्होंने छात्राओं को अपने विचार स्पष्ट, तार्किक और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने की प्रेरणा दी। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर प्रिया, द्वितीय सीतु, तृतीय पंखिता, चौथे स्थान पर खुशी, नैंसी और काजल रही। प्राचार्य डॉ. रणबीर यादव ने कहा कि यह प्रतियोगिता केवल प्रतिस्पर्धा नहीं बल्कि आत्मविकास का अवसर है। इस मौके पर रमेश कुमार, नवीता पवार, संदीप आदि मौजूद रहे।







Ramesh Kumar
H.O.D
Political Science

Rgyadav

Principal
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.

# OFFICE OF THE PRINCIPAL,
## GOVT. COLLEGE FOR WOMEN, PILLUKHERA (JIND)

Azadi Ka Amrit Mahotsav

## Activity Report

राजकीय महिला महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में दिनांक 28.04 2023 को राजनीति विज्ञान, लीगल लिटरेसी और मानवाधिकार सेल के संयुक्त तत्वावधान में स्टूडेंट्स सेमिनार का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं की भूमिका, भारत में बाल-विवाह, महिला शिक्षा, भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था में महिलाओं की भूमिका तथा मानवाधिकारों और महिलाएं रहा। प्रतियोगिता का आयोजन कार्यकारी प्राचार्या श्री सुमिता आश्री के संबोधन से हुआ। प्राचार्या महोदया ने कार्यक्रम संयोजक और प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी और छात्राओं को कहा कि इस प्रकार की गतिविधि से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है अंत विद्यार्थियों को ऐसी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। प्रतियोगिता में महाविद्यालय कि 10 छात्राओं ने प्रतिभागिता की तथा विभिन्न विषयों पर अपना पेपर प्रजेंट किया। कार्यक्रम के संयोजक और राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष ने बताया कि पेपर प्रेजेंटेशन के माध्यम से छात्राओं ने विभिन्न विषय पर तथ्य, तर्कों ,आंकड़ों तथा वैज्ञानिकता के साथ अपना विषय रख एक रिसर्च की भूमिका निर्वहन की है। छात्राओं ने समाज में महिलाओं की सहभागिता के विषय में समस्याओं और उनके निदान और समाधान विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। निर्णायक मंडल की भूमिका में श्रीमती रविंद्र, श्री संजय कुमार तथा श्री प्रवीन कुमार रहे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बी०ए० प्रथम वर्ष की छात्रा तुलसी ने , द्वितीय स्थान बी०ए० फाइनल ईयर की छात्रा मेघा ने तथा तृतीय स्थान बी०ए० प्रथम वर्ष की छात्रा अनामिका ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता के अंत में विभाग की तरफ से विजेता और प्रतिभागी छात्राओं को प्रमाण पत्र और उचित पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया तथा विभाग की तरफ से छात्राओं के अच्छे भविष्य की कामना की गई। प्रतियोगिता के इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।





Ramesh Kumar
HOD Pol. Science

प्राचार्य
Govt. College
Pillu Khera (Jind)

# राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लूखेड़ा (जींद)

## राजनीतिक विज्ञान व इतिहास विभाग

### प्रदर्शनी :- महात्मा गाँधी

राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में महात्मा गांधी जयंती के उपलक्ष्य में राजनीति विज्ञान व इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर ओम प्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न करवाई गई। डॉ गुप्ता ने इस अवसर पर छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि यदि महात्मा गांधी जी को जानना और समझना चाहते हो तो उनसे जुड़े साहित्य का गहनता से अध्ययन करना अनिवार्य है। महात्मा गांधी के जीवन से हम सीख सकते हैं कि कैसे एक व्यक्ति सत्य, अहिंसा जैसे सिद्धांतों के साथ मजबूती से खड़े होकर अपना जीवन व्यतीत कर सकता है। प्रदर्शनी प्रतियोगिता में महाविद्यालय की 36 छात्राओं ने भाग लिया। छात्राओं ने महात्मा गांधी जीवन से संबंधित अनेकों पहलुओं जैसे व्यक्तिगत, सामाजिक, धार्मिक, अध्यात्मिक, शैक्षणिक, राजनीतिक व महिलाओं के संदर्भ में दिए गए विचारों को कोट्स के माध्यम से प्रदर्शित किया। निर्णायक मंडल की भूमिका में श्रीमती बबीता पंवार, श्रीमती रवींद्र तथा श्रीमान देवेंद्र जी रहे। प्रदर्शनी में बी.ए. फाइनल ईयर की छात्रा मुस्कान निरवाल में प्रथम, शिवानी ने द्वितीय इतिहास विभागाध्यक्ष प्रोफेसर श्री ग्रीन कुमार ने इस अवसर पर छात्राओं को बताया कि महात्मा गांधी वो व्यक्ति थे जो वास्तविक भारत अर्थात गांव के भारत का विकास करना चाहते थे इसी कारण से उन्होंने ग्राम स्वराज्य की बात की जो बाद में पंचायती राज के रूप में सामान्य जनमानस को हस्तांतरण का एक प्रमुख साधन सिद्ध हुआ.। राजनीतिक विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रोफेसर रमेश कुमार ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि महात्मा गांधी ही वो स्वतंत्रता सेनानी है जिन्होंने भारतवासियों को आंदोलन करना और आंदोलन संचालित करना सिखाया। महात्मा गांधी ने ही राष्ट्रीय आंदोलन और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से सामान्य जनमानस को जोड़ा। गांधीजी वो व्यक्ति थे जिन्होंने अपने सिद्धांतों के साथ विपरीत परिस्थितियों में भी समझौता नहीं किया और कभी किसी पद की लालसा नहीं की। उन्होंने बताया कि कोई भी महापुरुष दो बार मृत्यु को प्राप्त करता है एक बार जब वह प्राकृतिक या अप्राकृतिक कारण से मृत्यु को प्राप्त करता है और दूसरा जब हम उनके विचारों, सिद्धांत और राष्ट्र के प्रति श्रेष्ठ त्याग तथा उस त्याग के कारण को भुला देते हैं। अंत छात्राओं से निवेदन है कि वो महापुरुषों के विचारों को अपने व्यक्तिगत और सार्वजनिक जीवन में स्थान दे।

Ramesh Kumar
H.O.D Political Science

15/11/2017

... for Girls
... (Jind)
Pillu Khera ...

# Govt.College For Girls,Pillukhera (Jind)

Quiz Competition on Constitution Day (26.11.2022) Organized by Dept. of Pol. Science/Legal Literacy cell/NSS

## Activity Report

राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा, जींद में राजनीतिक विज्ञान विभाग, लीगल लिटरेसी सेल और राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों से भारतीय राजव्यवस्था, हरियाणा सामान्य ज्ञान,करंट अफेयर आदि विषय से संबंधित प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता का प्रारंभ प्राचार्य डॉक्टर ओम प्रकाश गुप्ता जी के संबोधन से हुआ। प्राचार्य महोदय ने इस प्रकार के सफल आयोजन के लिए संबंधित विभागाध्यक्ष व प्रभारी को बधाई दी तथा छात्राओं को इस प्रकार की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में दिन प्रतिदिन इस प्रकार की गतिविधियों को आयोजित कराने का मुख्य उद्देश्य छात्राओं के विषय ज्ञान में बढ़ोतरी के साथ- साथ छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना है ताकि छात्राएं महाविद्यालय में अध्ययन के साथ साथ पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर में अपने लिए रोजगार के उचित अवसर तलाश सके। महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी श्रीमती रविंद्र ने छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्राचार्य महोदय का धन्यवाद किया और बताया कि प्रतियोगिता के माध्यम से उनका उद्देश्य छात्राओं को भारतीय संविधान के सिद्धांतों और आदर्शों से परिचित करवाना है। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की 28 छात्राओं ने 9 टीमों के रूप में भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान स्नातक प्रथम वर्ष की छात्राएं तनु,मानसी और मुस्कान के ग्रुप ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर स्नातक तृतीय वर्ष की छात्राएं मुस्कान प्रियंका, निकिता और संतोष रही। जबकि काजल, ममता, और उपांशु के ग्रुप ने तृतीय स्थान की प्राप्ति की। प्रतियोगिता के अंत में राजनीतिक विज्ञान विभागाध्यक्ष और प्रतियोगिता के संयोजक प्रोफेसर रमेश गोयत ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में भारतीय संवैधानिक व्यवस्था के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना व संवैधानिक विशेषताओं से परिचित करवाना था ताकि छात्राएं संवैधानिक अधिकारों, कर्तव्यों, संवैधानिक संस्थाओं की कार्यप्रणाली को आत्मसात कर सकें। उन्होंने इतनी बड़ी संख्या में प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए छात्राओं का धन्यवाद किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विजेता छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर छात्राओं का प्रोत्साहित किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार का समस्त सम्मानित स्टाफ उपस्थित रहा।

26.11.22

Convenor | Co- Convenor | Principal

# राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा (जींद)

## एक्टिविटी रिपोर्ट 25 Nov 2023

राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा जींद में प्राचार्या डॉक्टर तनाशा हुड्डा के नेतृत्व में राजनीति विज्ञान और इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय स्तरीय एकदिवसीय स्टूडेंट सेमिनार का आयोजन संविधान दिवस के उपलक्ष में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यकारी प्राचार्या श्रीमती बबीता पवार की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के संयोजक श्री रमेश कुमार ने बताया कि महाविद्यालय में इस इस प्रकार के विषयों पर सेमिनार करवाने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों में संवैधानिक व्यवस्था के प्रति जागरूकता को कायम करना तथा विभिन्न संवैधानिक मूल्यों से परिचित करवाना होता है ताकि विद्यार्थी अपने व्यवहारिक जीवन का निर्वाह संवैधानिक मूल्य के तत्वावधान में कर सके और संवैधानिक व्यवस्था का फायदा उठा सके क्योंकि संवैधानिक व्यवस्था व्यक्ति के सार्वभौमिक जीवन को प्रभावित करती है। विद्यार्थी के लिए संवैधानिक और राजकीय व्यवस्था से परिचित होना नितांत आवश्यक है। संविधान को पढ़ने और समझने के बाद ही हम विभिन्न शासन प्रणालियों में तुलनात्मक अध्ययन करने में सक्षम रहते हैं। वर्तमान समय में विद्यार्थियों को संविधान में वर्णित मौलिक अधिकारों व कर्तव्यों का बोध होना भी नितांत आवश्यक है। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की लगभग 40 छात्राओं ने संवैधानिक व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं और आयामों पर प्रजेंटेशन के माध्यम से अपने विचार प्रकट किया जिसमें मुख्य तौर पर भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन, भारतीय संविधान का ऐतिहासिक विकास, संविधान सभा, भारतीय संविधान में हमारे आदर्श, लक्ष्यों और सिद्धांतों से परिचित करवाने वाली प्रस्तावना, संविधान में वर्णित मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य, राज्य नीति के निदेशक तत्व तथा हमारे शासन को संचालित करने वाले संसदीय और संघात्मक व्यवस्था और संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर रहे। विद्यार्थी ने इन विषयों के विभिन्न पहलुओं और आयामों पर बारीकी से प्रकाश डाला और विषय की गंभीरता को दर्शाया। कार्यक्रम के सहसंयोजक इतिहास विभाग अध्यक्ष श्री ग्रीन कुमार ने बताया कि महाविद्यालय की छात्राओं को इस प्रकार की गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। कार्यकारी प्राचार्य श्रीमती बबीता पवार ने कहा कि संवैधानिक व्यवस्था और शासन तंत्र व्यक्ति के जीवन को सबसे ज्यादा प्रभावित करता है इसलिए हमें इस व्यवस्था के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानकारी होना आवश्यक है ताकि अज्ञानता के कारण हमारा विकास अवरुद्ध न हो और हम किसी न किसी प्रकार के शोषण, अन्याय,असमानता में जीवन व्यतीत न करें। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रोग्राम अधिकारी श्रीमती रविंद्र ने विद्यार्थियों को भारतीय संविधान में वर्णित प्रस्तावना की शपथ दिलाई और प्रस्तावना का अनुपालन करने के निर्देश दिए।कार्यक्रम में इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक श्रीमती रविंद्र,श्रीमती सुरक्षा श्री संजय कुमार व महाविद्यालय का समस्त शैक्षिक और गैर शैक्षणिक स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

Ramesh Kumar
H.O.D Pol. Sc 25.09.23


[signature] 25.09.23
Co-Convenor

[signature]
Principal
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind)

# कार्यालय प्राचार्य, राजकीय कन्या महाविद्यालय ,पिल्लुखेडा(जींद)

## Activities Photos

One day Students Seminar
On Constitution day
Organized by Department of Political Science and History







Principal
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.

# राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा (जींद)

## एक्टिविटी रिपोर्ट - 01.10.23

राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में महात्मा गांधी जयंती के उपलक्ष्य में राजनीति विज्ञान व इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कोट्स लेखन प्रतियोगिता व प्रदर्शनी तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत 'स्वच्छता' विषय पर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी व शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्या डॉक्टर तनाशा हुड्डा के निर्देशन में संपन्न करवाया गया। कार्यक्रम संचालन अधिकारी श्री रमेश कुमार ने इस अवसर पर छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि यदि महात्मा गांधी जी को जानना और समझना चाहते हो तो उनसे जुड़े साहित्य का गहनता से अध्ययन करना अनिवार्य है। महात्मा गांधी जी के जीवन से हम सीख सकते हैं कि कैसे एक व्यक्ति सत्य, अहिंसा जैसे सिद्धांतों के साथ विपरीत परिस्थितियों में भी मजबूती से खड़े होकर अपना जीवन व्यतीत कर सकता है। प्रदर्शनी प्रतियोगिता और शपथ ग्रहण में महाविद्यालय की 90 छात्राओं ने भाग लिया। कोट्स लेखन प्रतियोगिता में छात्राओं ने महात्मा गांधी के जीवन से संबंधित अनेकों पहलुओं जैसे व्यक्तिगत, सामाजिक, धार्मिक, अध्यात्मिक, शैक्षणिक, राजनीतिक व महिलाओं के संदर्भ में दिए गए विचारों को कोट्स के माध्यम से प्रदर्शित किया। निर्णायक मंडल की भूमिका में श्री रजत कुमार, संजय कुमार तथा संजीव कुमार जी रहे। कोट्स लेखन प्रतियोगिता में बी.ए. फाइनल ईयर की छात्रा उपांशु ने प्रथम, द्वितीय वर्ष की छात्रा जन्नत ने द्वितीय तथा बी.ए.फाइनल वर्ष की छात्रा प्रियंका और प्रथम वर्ष की छात्रा मनीषा ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। इतिहास विभागाध्यक्ष प्रोफेसर श्री प्रीन कुमार ने इस अवसर पर छात्राओं को बताया कि महात्मा गांधी जी वो व्यक्ति थे जो वास्तविक भारत अर्थात ग्रामीण भारत का विकास करना चाहते थे इसी कारण से उन्होंने ग्राम स्वराज्य की बात की, जो बाद में पंचायती राज के रूप में सामान्य जनमानस को सत्ता हस्तांतरण का एक प्रमुख साधन सिद्ध हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रविंद्र ने स्वच्छता विषय पर संबोधित करते हुए बताया कि इंसान को भौतिक स्वच्छता के साथ-साथ मानसिक स्वच्छता पर भी जागरूक रहना चाहिए। अंत में राजनीतिक विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रोफेसर रमेश कुमार ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि महात्मा गांधीजी ही वो स्वतंत्रता सेनानी है जिन्होंने भारतवासियों को आंदोलन करना और आंदोलन संचालित करना सिखाया। महात्मा गांधी ने ही राष्ट्रीय आंदोलन और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से सामान्य जनमानस को जोड़ा। गांधीजी वो व्यक्ति थे जिन्होंने अपने सिद्धांतों के साथ विपरीत परिस्थितियों में भी समझौता नहीं किया और कभी किसी पद की लालसा नहीं की। उन्होंने बताया कि कोई भी महापुरुष दो बार मृत्यु को प्राप्त करता है एक बार जब वह प्राकृतिक या अप्राकृतिक कारण से मृत्यु को प्राप्त करता है और दूसरा जब हम उनके विचारों, सिद्धांत और राष्ट्र के प्रति श्रेष्ठ त्याग तथा उस त्याग के कारण को भुला देते हैं। अतः छात्राओं को प्रोत्साहित किया कि वो महापुरुषों के विचारों को अपने व्यक्तिगत और सार्वजनिक जीवन में स्थान दें। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के सभी सम्मानित शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक सदस्य उपस्थित रहे।

Ramesh Kumar
01.10.23
H.O.D Pol. Sc

Principal
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind)

कार्यालय प्राचार्य, राजकीय कन्या महाविद्यालय ,पिल्लुखेडा(जींद)

## Activities

Quotes writing competition on Mahatma Gandhi jayanti 01/10/2023



Principal
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind)

**Department Of Political Science & History**

**Intra College Quiz Competition**

**Activities Report**

राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा जींद में राजनीतिक विज्ञान और इतिहास विभाग के तत्वावधान में भारतीय राजव्यवस्था, हरियाणा सामान्य ज्ञान , करंट अफेयर और आधुनिक भारतीय इतिहास विषय पर अंतरा- महाविद्यालय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का प्रारंभ कार्यकारी प्राचार्य और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के संयोजक प्रोफेसर रमेश कुमार के संबोधन से हुआ। प्राचार्य महोदय ने छात्राओं को इस प्रकार की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया तथा बताया कि महाविद्यालय में दिन प्रतिदिन इस प्रकार के गतिविधियों को आयोजित कराने का मुख्य उद्देश्य छात्राओं के विषय ज्ञान में बढ़ोतरी के साथ साथ छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना है ताकि छात्राएं महाविद्यालय में अध्ययन के साथ सांथ पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर में अपने लिए उचित अवसर तलाश सके। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की 52 छात्राओं ने 13 टीमों के रूप में भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान स्नातक-प्रथम वर्ष की छात्राएं शीतल, अंजू, काजल और उपांशु के ग्रुप ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर स्नातक द्वितीय वर्ष की छात्राएं मुस्कान नरवाल, कीर्ति, तमन्ना और संतोष रही। जबकि ममता, अंजलि, नीतू और अंजू के ग्रुप ने तृतीय स्थान की प्राप्ति की। इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर ग्रीन कुमार ने इतनी बड़ी संख्या में प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए छात्राओं का धन्यवाद किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विजेता छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर छात्राओं का प्रोत्साहित किया । प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार का समस्त सम्मानित स्टाफ उपस्थित रहा।

Seen

11/05/2022

Convener | Co-Convener | Principal

Principal
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind)

# प्रश्नोत्तरी में शीतल, अंजू, काजल व उपांशु प्रथम



जींद। राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में सोमवार को राजनीतिक विज्ञान और इतिहास विभाग के तत्वावधान में भारतीय राजव्यवस्था, हरियाणा सामान्य ज्ञान, त्वरित मुद्दे और आधुनिक भारतीय इतिहास विषय पर अंतर महाविद्यालय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर स्नातक प्रथम वर्ष की छात्राएं शीतल, अंजू, काजल और उपांशु का ग्रुप रहा। द्वितीय स्थान पर स्नातक द्वितीय वर्ष की छात्राएं मुस्कान नरवाल, कीर्ति, तमन्ना और संतोष रही जबकि ममता, अंजलि, नीतू और अंजू के ग्रुप ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। संवाद